कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर
जी.ई. रोड रायपुर - 492010 (छत्तीसगढ़)
Web site-www.gacraipurcg.in E-mail- principal@gacraipurcg.in
Tel./ Fax No.:- 0771-2263396 ayurvediccollege@gmail.com

क्रमांक/प्रवेश/2021...939... रायपुर दिनांक :-06-03-2021

आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.आयुर्वेद) त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अंतिम काउंसिलिंग कार्यक्रम की सूचना

काउंसिलिंग स्थान :- **शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.)**
काउंसिलिंग दिनांक :- 10.03.2021 (बुधवार)

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में संचालित आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.आयुर्वेद) पाठ्यक्रम सत्र 2020-21 में **रिक्त 01 सीट (विषय- शल्य)** पर नियमानुसार प्रवेश हेतु नेशनल टेस्टिंग ऐजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित AIA-PGET 2020 में सम्मिलित छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं उक्त प्रवेश परीक्षा की प्रावीण्यता के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के पात्र अभ्यर्थियों की तैयार सूची महाविद्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित की गयी है। अनारक्षित श्रेणी के सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निम्नानुसार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी इस सूचना को ही बुलावा पत्र मानते हुए काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

समय सारिणी

दिनांक	श्रेणी/ संवर्ग	रजिस्ट्रेशन का समय	ए.आई.ए.पी.जी.ई.टी. प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक
10.03.2021 दिन बुधवार	अनारक्षित	प्रातः 09 बजे से 10 बजे तक	255 से 251 तक

सभी अभ्यर्थी निम्नलिखित समस्त मूल प्रमाण पत्रों / अंकसूचियों एवं उनकी एक सेट की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित काउंसिलिंग हेतु निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर उपस्थित होंवे। उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी प्रवेश का अवसर खो देंगे। काउंसिलिंग में उपस्थित होना प्रवेश की गारंटी नहीं है।

प्रमाण पत्रों का क्रम :-

1. AIAPGET 2020 परीक्षा हेतु जारी एडमिट कार्ड।
2. AIAPGET 2020 परीक्षा की अंकसूची।
3. 10 वीं की अंकसूची।
4. 12 वीं अंकसूची।

5. बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षाओं की अंकसूचियाँ।
6. इन्टर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण-पत्र।
7. बी.ए.एम.एस. उपाधि प्रमाण पत्र।
8. किसी भी राज्य के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद बोर्ड/ परिषद में जीवित पंजीयन का प्रमाण पत्र।
9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र।
10. यदि उपनाम परिवर्तित है तो उपनाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. अन्य कोई प्रमाण पत्र जिसका उल्लेख आवेदन में किया गया है।
12. काउंसिलिंग में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार उनके नाम के सम्मुख रिमार्क के कालम में यदि किसी कमी का उल्लेख है तो उसकी पूर्ति करना काउंसिलिंग के समय अनिवार्य होगा।

शुल्क :-

काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रवेशार्थियों के लिये रू. 600/- तथा अन्य प्रवेशार्थियों के लिये रूपयें 1000/- होगा, जो वापसी योग्य नहीं है। काउंसिलिंग पश्चात प्रवेश हेतु चयनित सेवारत अभ्यर्थी सहित प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश के समय नियमानुसार शासन/ महाविद्यालयीन स्वशासी समिति द्वारा निर्धारित शुल्क नियमित रूप से भुगतान करना होगा।

अनारक्षित श्रेणी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के चयनित उम्मीदवार को रू. 20,000/- (रू. बीस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। छत्तीसगढ के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के चयनित उम्मीदवार को रू. 10,000/- (रू. दस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। सुरक्षा निधि के रूप में जमा की गयी राशि पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इसके अतिरिक्त अनारक्षित श्रेणी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के चयनित उम्मीदवारों को प्रति वर्ष रू. 30,000/- शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क रू. 7000/- तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों को प्रति वर्ष रू. 15,000/- शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क रू. 7000/- देय होगा।

AIAPGET प्रवेश परीक्षा 2020 में सम्मिलित अभ्यर्थियों जिन्होंने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है उनकी महाविद्यालय द्वारा निर्मित पात्र अभ्यर्थियों की श्रेणीवार सूची का विवरण महाविद्यालय की वेबसाईट www.gacraipurcg.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य, 06/03/2021
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर छ.ग.